# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:.........................**

**PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS**

**COMPILED BY MEDIA CELL (11.05.2025)**

## HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
## DATE:11.05.2025, PAGE-06

### विवि में एलएलएम की प्रवेश परीक्षा आज

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू में एलएलएम की प्रवेश परीक्षा रविवार को होगी। विवि के परीक्षा हॉल को केंद्र बनाया गया है। परीक्षा में सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक होगी। इसमें 129 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा में ऑब्जेक्टिव सवाल पूछे जाएंगे। बीआरएबीयू में एलएलएम में 40 सीटें हैं। परीक्षा में लॉ के अलावा अंग्रेजी और सामान्य ज्ञान से भी सवाल पूछे जाएंगे। नोडल अफसर प्रो टीके डे ने बताया कि परीक्षा में विद्यार्थी को किसी तरह के कागजात या अन्य सामान लेकर नहीं जाना है।

### बीयूएमएस की परीक्षा 26 मई से

मुजफ्फरपुर। बीआरए बिहार विवि में 26 मई से बीयूएमएस की परीक्षा होगी। न्यू कोर्स सत्र 2022-26 और प्री टीब 2022-23 के लिए यह परीक्षा होगी। एक पाली में परीक्षा होगी। 9 से 12 बजे तक परीक्षा ली जाएगी।

विवि परीक्षा नियंत्रक ने इसे लेकर शिड्यूल जारी किया है। 3 जून तक परीक्षा होगी। इसके साथ ही बीएमएसएस के अलग अलग सत्र की सप्लीमेंट्री परीक्षा का भी शिड्यूल जारी किया गया है। इनकी परीक्षा 26 मई से 2 जून तक होगी।

**Ref:....................** **Date:..........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
## DATE: 11.05.2025, PAGE-04

# 50 से अधिक कालेजों में रोका जाएगा एडमिट कार्ड

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में टीडीसी पार्ट टू की स्पेशल परीक्षा के लिए फार्म भराने के बाद भी चालान की कापी परीक्षा विभाग में जमा नहीं कराने वाले 50 से अधिक कालेजों का एडमिट कार्ड रोका जाएगा। इसको लेकर परीक्षा नियंत्रक ने सभी कालेजों को निर्देश जारी किया है। कहा गया है कि 16 मई से स्पेशल पार्ट टू की परीक्षा होनी है। ऐसे में अब तक केवल 40 अंगीभूत व संबद्ध कालेजों ने ही चालान की कापी उपलब्ध कराई है। चालान के आधार पर सत्यापन के बाद ही राशि के विश्वविद्यालय खाते में जमा होने की जानकारी मिलती है। परीक्षा शुल्क विवरणी प्रवेश पत्र कार्यालय में जमा नहीं करने के कारण कालेजों का एडमिट कार्ड जारी नहीं किया जाएगा। दूसरी ओर इससे पहले भी स्नातक थर्ड सेमेस्टर समेत अन्य परीक्षाओं में भी इसी तरह का मामला सामने आया था। इसके बाद अनियमितता की आशंका जताई गई थी। पिछले दिनों प्रिया रानी राय डिग्री कालेज में भी 1700 विद्यार्थियों का परीक्षा शुल्क नहीं जमा कराया गया था। इसके बाद मामले में जांच चल रही है। मामला सामने आने के बाद जुर्माना के साथ करीब 11 लाख रुपये जमा कराए गए थे। चालान जमा नहीं कराने की स्थिति में कई कालेजों में राशि दबाने की आशंका जताई जा रही है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**


DAINIK JAGRAN,
MUZAFFARPUR
DATE:11.05.2025
PAGE-04


## कालेजों में बनाए जाएंगे रेंजर और रोवर

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में स्काउट एंड गाइड के तहत रेंजर व रोवर की शुरुआत होगी। यह एक विशेष कार्यक्रम है जो कालेज व विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए डिजाइन है। शुरुआती चरण में कार्यक्रम का संचालन कुछ कालेजों में प्रयोग के तौर पर शुरू होगा। अपेक्षित परिणाम मिलने पर अन्य कालेजों में शुरू होगा। इसमें व्यक्तित्व के विकास के साथ समाजसेवा से विद्यार्थी जुड़ते हैं। रोवर छात्रों व रेंजर छात्राओं के लिए होता है। उनकी उम्र 15 से 25 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

**Ref:.....................** **Date:..........................**

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE: 11.05.2025, PAGE-04

**स्नातक प्रथम सेमेस्टर.** 54 हजार विद्यार्थियों का रिजल्ट शानदार

# दूसरे प्रयास में भी उत्तीर्ण नहीं हो सके विद्यार्थी, फिर से लेंगे दाखिला

## 450 को मिला एक्सीलेंट

- 10 हजार विद्यार्थियों का परिणाम पेंडिंग, इसमें से बड़ी संख्या ऐसे कॉलेजों के विद्यार्थियों की जिन्होंने इंटरनल का अंक नहीं भेजा

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू ने स्नातक सत्र 2024-28 के प्रथम सेमेस्टर का परिणाम जारी कर दिया है. विवि के आधिकारिक वेबसाइट पर रोल नंबर के माध्यम से परिणाम देखा जा सकता है. तीन हजार विद्यार्थी ऐसे हैं जो दूसरे प्रयास में भी उत्तीर्ण नहीं हो सके हैं. उन्हें अब फिर से प्रथम सेमेस्टर में फ्रेश नामांकन लेना होगा. 1.60 लाख छात्र-छात्राएं प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में शामिल हुए थे.

परीक्षा विभाग की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार करीब 10 हजार विद्यार्थियों का परिणाम पेंडिंग है. इसमें से भी अधिकतर विद्यार्थी उन कॉलेजों के हैं जिन्होंने इंटरनल परीक्षा और प्रायोगिक परीक्षा का अंक विश्वविद्यालय को नहीं भेजा है.

कहा गया है कि इन कॉलेजों के विद्यार्थियों को परेशान होने की जरूरत नहीं है. कॉलेज से अंक प्राप्त होते ही पोर्टल पर संबंधित विद्यार्थियों का परिणाम स्वतः ठीक हो जाएगा. पेंडिंग परिणाम वाली सूची में कुछ ऐसे विद्यार्थी भी शामिल हैं जिन्होंने अपनी उत्तरपुस्तिका पर सही से रोल नंबर नहीं लिखा था.

## निकायों से पारित होने के बाद निष्पादन में हो रहा विलंब

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू के अतिथिगृह में अधिसभा, अभिषद् व एकेडमिक काउंसिल के सदस्यों की ओर से विवि की कार्य-संस्कृति, शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर बैठक की गयी. इसमें शिक्षकों के प्रमोशन, पे-वेरीफिकेशन, आन्तरिक परीक्षा का पारिश्रमिक, मनोविज्ञान विभाग के कुछ शिक्षकों के लंबित वेतन आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की गयी. सदस्यों ने कहा कि सीनेट, सिंडिकेट से पारित हो चुके मामलों के निष्पादन में भी विलंब हो रहा है. मंगलवार को विवि के संबंधित विभागों में जाकर इन कार्यों की प्रगति की जानकारी ली जायेगी. एकेडमिक काउंसिल के सदस्यों ने कहा कि एकेडमिक संबंधी समस्याओं की समीक्षा कर शीघ्र उसमें सुधार किया जाएगा. सदस्यों ने वीसी की कार्यशैली पर संतोष व्यक्त किया. कहा कि विवि में 350 सदस्यों का प्रमोशन एक साथ हुआ है. यह सराहनीय है. एक जनप्रतिनिधि की ओर से सोशल मीडिया पर पत्र के माध्यम से वीसी पर लगाये आरोप को खारिज किया. कहा कि जब तक कोई आरोप की प्रामाणिकता सिद्ध न हो इस प्रकार से छवि धूमिल करना उचित नहीं. बैठक में डॉ विजयेन्द्र झा, डॉ भारत भूषण, डॉ विनोद बैठा, डॉ रेणुवाला, डॉ रेशमा सुल्ताना, डॉ साजिदा, डॉ धर्मेन्द्र चौधरी, डॉ साकेत, डॉ राजेश, सौरभ, डॉ सुशान्त समेत अन्य थे.

## विवि के पाठ्यक्रम में लागू होगा स्काउटिंग

**मुजफ्फरपुर.** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की ओर से स्नातक के पाठ्यक्रम में स्काउटिंग के तहत रेंजर और रोवर की शुरुआत की जाएगी. स्नातक में सीबीसीएस लागू होने के बाद विद्यार्थियों को बास्केट में इसका विकल्प मिलेगा. इसे प्रयोग के तौर पर लागू करने की योजना है. एनसीसी व एनएसएस की तरह इसका चयन करने और प्रशिक्षण लेने वालों को आगे नामांकन और नौकरी में वेटेज मिलेगा.

## 70 हजार विद्यार्थियों को मिला गुड

प्रथम सेमेस्टर के परिणाम में 70 हजार विद्यार्थियों को गुड मिला है. 54819 विद्यार्थियों को वेरी गुड, 24 सौ विद्यार्थी एवरेज अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए हैं.

450 विद्यार्थियों को एक्सीलेंट प्राप्त हुआ है. 19 हजार विद्यार्थियों का परिणाम प्रमोटेड है. तीन हजार विद्यार्थी दूसरे प्रयास में भी उत्तीर्ण नहीं हो सके. वहीं छह विद्यार्थियों को निष्कासित किया गया था.

## कॉलेजों के खिलाफ होगी कार्रवाई

रिजल्ट जारी होने के बाद दर्जन भर कॉलेज ऐसे हैं जिन्होंने अबतक इंटरनल अंक व प्रायोगिक परीक्षा का अंक उपलब्ध नहीं कराया है. ऐसे में इन कॉलेजों के खिलाफ विश्वविद्यालय कार्रवाई करने की तैयारी में है. विवि की ओर से बताया गया कि इनसे स्पष्टीकरण पूछा जायेगा. साथ ही संतोषप्रद उत्तर नहीं मिलने पर इनके खिलाफ कार्रवाई भी की जायेगी.

## 40 कॉलेजों ने नहीं दिया चालान, उलझन में विवि

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू के 40 कॉलेजों ने परीक्षा फॉर्म भरने के बाद चालान विवि में जमा नहीं किया है. ऐसे में किस छात्र का शुल्क जमा है और किसका नहीं. इसकी जांच में विवि उलझन में है. ऐसे कॉलेजों को पत्र भेजकर चालान शीघ्र जमा कराने का निर्देश दिया गया है. चालान जमा करने के बाद ही संबंधित कॉलेजों के विद्यार्थियों का एडमिट कार्ड जारी किया जायेगा. पूर्व में एक कॉलेज की ओर से 1600 विद्यार्थियों का परीक्षा शुल्क ही जमा नहीं किया गया था. ऐसे में उससे जुर्माना भी वसूला गया था. इससे सबक लेते हुए विश्वविद्यालय ने कहा है कि आगामी परीक्षाओं में अब चालान सत्यापन के बाद ही एडमिट कार्ड जारी किया जाएगा. स्नातक द्वितीय वर्ष की विशेष परीक्षा 16 से होनी है. इसका चालान 40 कॉलेजों ने नहीं भेजा है.